तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4

स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार की मांग को लेकर खोला मोर्चा, दर्जनों गिरफ्तार




## खबर संक्षेप

### सीआईएसएफ ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्तर पर कोरबा नगर निगम को कुछ समय पहले ही स्वच्छता के मामले में 8वीं रैंकिंग प्राप्त हुई है। इसी के साथ अब जिले के दूसरे इलाकों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अर्ध सैनिक बल सीआईएसएफ ने कोरबा से लेकर दीपका में नगर पालिका परिषद के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। सार्वजनिक स्थान की साफ-सफाई करने के साथ लोगों को इस दिशा में जागरूक किया गया। एसईसीएल कॉलोनी गेवरा स्थित विभागीय अस्पताल, स्थानीय पार्क और आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता के लिए विशेष ड्राइव ऑपरेट किया गया। नगर पालिका और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की दमकच का उपयोग इस काम में लिया गया। पानी से परिसर की धुलाई के साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर काफी बड़े हिस्से को साफ किया।

### विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण और स्वयंसेवी संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी विद्यालय साडा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव कु. डिम्पल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा ने दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के तहत अधिकारों को बढ़ावा देना एवं चुनौतियों के प्रति जागरूक करना तथा दिव्यांग बच्चों को शिक्षा रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवागमन और न्याय तक समान अवसर, समान सम्मान, गैर भेदभाव का पूर्ण कानूनी अधिकार के बारे में जागरूक किया।

### कृषि महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**कोरबा।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा कोरबा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सिंधिया स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में किया जा रहा है। शिविर के चतुर्थ दिवस विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। गतिविधियों में प्रमुख रूप से सुबह योग प्राणायाम किया गया। योगाभ्यास में स्वयंसेवकों के साथ स्थानीय बालिका छात्रावास के बालिकाओं ने भी शामिल हुए। तत्पश्चात स्वयंसेवकों के द्वारा प्राथमिक शाला सिंघिया, बस स्टैंड एवं स्थानीय बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। लगभग एक क्विंटल प्लास्टिक एवं अपशिष्ट जमा कर निपटान हेतु सरपंच सिंधिया मनोज टेकाम से आग्रह किया गया।

### रक्तदान से सुरक्षित होता है अमूल्य जीवन :डॉ अनंत

**कोरबा।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा कोरबा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्राम सिंघिया स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम माध्यमिक शाला में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन विगत 1 दिसंबर से सतत जारी है जिसके तहत छठे दिवस विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम एवं स्कूल परिसर में किया गया।

### वनस्पति शास्त्र विभाग ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कोरबा।** शासकीय इं वी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वनस्पति शास्त्र विभाग का शैक्षणिक भ्रमण 29 नवंबर से 2 दिसम्बर तक आयोजित हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण में एम एस सी वनस्पति शास्त्र प्रथम एवम तृतीय सेमेस्टर के 20 छात्र छात्रा सम्मिलित हुए। छात्रो ने 1 दिसम्बर को आचार्य जे सी बसु इंडियन बोटैनिकल गार्डन का भ्रमण कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# जाम से आम राहगीर हो रहे परेशान, रुमगरा से रिस्दा चौक तक ट्रकों की कतार

## कुदुरमाल पुल बंद होने से रिस्दी, दर्री बायपास रिंग रोड में बढ़ा दबाव

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदुरमाल पुल को आवागमन के लिए बंद किये जाने के बाद से भारी वाहनों का दबाव रिंग रोड बाईपास में बढ़ जाने के कारण रिस्दा चौक से लेकर रुमगरा चौक तक जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण रोज सुबह छात्रों के स्कूल वाहन सहित कामकाजी लोग फंस रहे हैं। जाम को खुलवाने के लिए भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं हो रही है।

रिंग रोड बाईपास रोड में भारी वाहनों के दबाव से आम लोगों का जाम में बार बार फंसना आये दिन की बात हो गई है। बीते एक सप्ताह से कुदुरमाल पुल पर भारी वाहनों के आवागमन में रोक लगाए जाने के कारण भारी वाहनों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। इससे चांपा की ओर से आने वाले भारी वाहन बरबसपुर से रिंग रोड होते हुए बालको, परसाभाठा, रुमगरा मार्ग से आना जाना कर रहे हैं। भारी वाहनों के दबाव बढ़ने के कारण इस मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले स्कूल वाहन और शहर आने वाले कामकाजी लोग वाहनों के जाम में फंसते जा रहे हैं। कई बार स्कूल वाहनों के फंसने से बच्चे सही समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं वहीं बालको और दर्री क्षेत्र से शहर के विभिन्न संस्थानों में काम करने वाले कामकाजी लोग भी जाम में फंसने के कारण अपने कार्य स्थल पर समय पर नहीं पहुंच पाते हैं। ये स्थिति बालको रिस्दा चौक से लेकर रुमगरा चौक तक देखी जा रही है।

**खास बातें**

- रोज लग रहे जाम में फंस रहे स्कूली बच्चे और कामकाजी लोग
- उठानी पड़ रही परेशानी



### सड़क चौड़ीकरण से मिल सकती है निजात

रुमगरा चौक से परसाभांठा पुल तक सड़क किनारे मिट्टी डालकर चौड़ीकरण किये जाने से चार पहिया और दो पहिया वाहनों के आवागमन के लिए रास्ता निकल सकेगा। वर्तमान में सड़क के दोनों गड्ढे होने के कारण चार पहिया और दो पहिया वाहन सड़क के किनारे से नहीं निकल पाने में दिक्कते महसूस कर रहे हैं। यही स्थिति रिस्दा चौक में बनी हुई है यहां सड़क चौड़ीकरण कार्य शुरु किया गया था जिसके लिए रिस्दा चौक में गड्ढा खोदा गया जो आज तक पूरी तरह से समतलीकरण नहीं किये जाने से भारी वाहनों के साथ आम लोगों के वाहन भी सकरी सड़क से गुजर रहे हैं।



## 25 दिन में 2 लाख 37 हजार क्विंटल धान की हुई खरीदी

# धान उठाव के लिए राईस मिलर्स से हुआ अनुबंध, दो दिन में 840 क्विंटल उठा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी के 25 दिन बाद राईस मिलर्स से हुए अनुबंध से दो दिन में 840 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। बीते 25 दिन की अवधी में 2 लाख 37 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई है। उठाव के लिए 87 राईस मिल से विपणन विभाग ने अनुबंध किया है।

**खास बात**

- 87 राईस मिलर्स से विपणन विभाग ने किया अनुबंध

15 नवंबर से शुरु हुई धान खरीदी के बाद उठाव के लिए राईस मिलर्स का एक पखवाड़े तक सत्यापन का कार्य प्रशासन के द्वारा पूर्ण किये जाने के बाद प्रथम चरण में 87 राईस मिल से अनुबंध किया गया है। ये वे राईस मिलर्स हैं जिनके द्वारा 70 प्रतिशत चावल नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम में जमा कर दिया गया है। जिला प्रशासन के द्वारा ऐसे राईस मिलर्स को पहले प्राथमिकता दी गई है जिनके द्वारा चावल जमा करने में तेजी दिखाई गई है। बीते गुरुवार को विपणन विभाग के द्वारा राईस मिलर्स से अनुबंध का कार्य पूरा करने के बाद 11 हजार 767 डीओ काटे गये हैं। उठाव शुरु होने से जाम की समस्या जो शुरुआती दौर से लगने लगी थी उस पर विराम लग सकेगा। जिले में धान खरीदी की शुरुआत पहले दिन से ही हो गई थी। उससे अंदाजा लगाया गया था कि धान की आवक तेजी से होगी और बीते 25 दिन में जिस तरह से 2 लाख 37 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई है उससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि समिति में धान की आवक तेजी से शुरु हो गई है। उठाव नहीं होने की वजह से जिन ⏭ शेष पेज 3 पर



धान का किया गया उठाव।

### मशीनों से मिसाई और कटाई



जिले के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में धान की मिसाई और कटाई के लिए लेबर नहीं मिलने के कारण जिस तरह से मशीनों का उपयोग बढ़ा है उससे मिसाई और कटाई का काम तेजी से होने के कारण समितियों में धान बीते वर्ष की तुलना में तेजी से पहुंचने लगा है। शहर के नजदीक और जहां बड़े किसान शामिल हैं उन क्षेत्रों में मशीनों का उपयोग बढ़ा है और उन क्षेत्रों से ही धान की आवक समितियों में तेजी से बढ़ी है। जिससे खरीदी बढ़ने के साथ उठाव नहीं होने की स्थिति पर धान जाम रहने के मामले सामने आने लगे थे।

### सोनपुरी, कोरबी सहित चार समितियों से उठे धान

धान के उठाव के लिए गुरुवार से अनुबंध के बाद ही विपणन विभाग ने राईस मिलर्स को डीओ काटना शुरु कर दिया था और दो दिन के अंदर ही सोनपुरी, कोरबी, धतूरा सहित चार समितियों से धान का उठाव शुरु हो चुका है। इनमें चैतमा सहकारी समिति भी शामिल है। जहां धान जाम होने की समस्या खड़ी हो गई थी। चैतमा समिति में पहले से ही जगह का अभाव होने का मामला सामने आ गया था। लिहाजा उक्त समिति से धान का उठाव किया जाना विभाग के लिए जरुरी हो गया था।

### बेरियर लगाकर रोका जा रहा है अवैध धान




ग्राम लबेद गांव में अस्थायी बेरियर स्थापित किया गया है। यहाँ तीन शिफ्टों में पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और कोटवारों की तैनाती की गई है ताकि अनधिकृत रूप से धान ले जाने वाले वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। स्थानीय कर्मचारियों का कहना है कि अवैध धान परिवहन रोकना जरूरी है, लेकिन बिना सुरक्षा बल के रात में तैनाती करना चुनौतीपूर्ण है। हाथियों की गतिविधि भी लगातार बढ़ रही है, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। लोगों ने मांग की है कि यहाँ तुरंत पुलिस बल या होमगार्ड की तैनाती की जाए, ताकि अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### शुरु हुआ धान का उठाव

धान उठाव के लिए 70 प्रतिशत चावल जमा करने वाले 87 राईस मिलर्स से अनुबंध हो चुके हैं और 840 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। आने वाले दिनों में अन्य राईस मिल से अनुबंध किया जाएगा। **-तीर्थ राज,** जिला विपणन अधिकारी

# आज से दो दिन के लिए रद्द रहेगी मेमू पैसेंजर यात्री गाड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे द्वारा अपने ऑटोमेटिक सिंग्नलिंग कमेशनिंग हेतु निपनिया एवं भांठापारा रेलवे स्टेशन में चल रहे इंटर कनेक्टिविटी कार्य के कारण शहर से रायपुर की ओर जाने वाली यात्री गाड़ी मेमू पैसेंजर शनिवार से दो दिन के लिए रद्द कर दी गई है।

**खास बात**

- निपनिया और भाठापारा रेलवे स्टेशन में चल रहा नान इंटर कनेक्टिविटी का काम

रद्द होने वाली गाड़ियों में शनिवार और रविवार को गाड़ी संख्या 68734 बिलासपुर गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 68733 गेवरा रोड से चलकर बिलासपुर जाने वाली गाड़ी 7 दिसंबर को रद्द रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 58203 रायपुर से कोरबा आने वाली पैसेंजर यात्री गाड़ी 6 दिसंबर को कोरबा नहीं पहुंची। इसी तरह गाड़ी संख्या 58204 रायपुर कोरबा पैसेंजर 7 एवं 8 दिसंबर को रद्द रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 58205 नेता जी सुभाषचंद इतवारी पैसेंजर रद्द रहेगी। रद्द होने वाली गाड़ी संख्या 68745 गेवरा रोड रायपुर मेमू पैसेंजर भी शामिल है। जो 7 एवं 8 दिसंबर को रद्द हेगा। इस तरह शनिवार से लेकर रविवार तक कोरबा से रायपुर, बिलासपुर की यात्रा करने वाले यात्रियों को अमृतसर एक्सप्रेस, लिंक एक्सप्रेस का ही सहारा रहेगा।

# एक ही दिन ससुर व दामाद की मौत से परिवार में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीमार ससुर को देखने जा रहे दामाद को एक अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल दामाद की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर बीमार ससुर की भी मौत हो गई। एक साथ दामा व ससुर की मौत के बाद परिवार व गांव में मातम पसरा हुआ है।

**खास बातें**

- बीमार ससुर को देखने जा रहे दामाद की सड़क हादसे में मौत के बाद ससुर ने भी तोड़ा दम
- डुमरकछार पाली के समीप हुआ हादसा



मृतक उदेश्वर।

रतनपुर में अपने बीमार ससुर को देखने गए उदेश्वर 42 वर्ष जब वापस लौट रहा था इसी दौरान पाली डूमरकछार के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उदेश्वर गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। उसी समय रास्ते से गुजर रहे परिचित सुशील कुमार डिक्सेना ने उदेश्वर को सड़क पर पड़ा देख उसे तुरंत उपचार के लिए एम्बुलेंस से कटघोरा अस्पताल ले जाने की कोशिश की। हालांकि अत्यंत गंभीर चोट होने के कारण उदेश्वर ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसे की खबर जैसे ही ग्राम डूडगा पहुँची तो पूरे गाँव में सन्नाटा फैल गया। दुर्भाग्य की पराकाष्ठा यह रही कि उसी दिन 3 दिसंबर की शाम को उदेश्वर के ससुर का भी निधन हो गया। एक ही दिन ससुर और दामाद दोनों की मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। इधर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर दुर्घटना कारित वाहन की तलाश शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की पहचान के लिए पुलिस सीसीसीटीवी फुटेज व राहगीरों का बयान दर्ज कर रही है।


### एसईसीएल एसईसीआर की संयुक्त समीक्षा

**कोरबा।** सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन तथा जीएम एसईसीएल तरुण प्रकाश की संयुक्त अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें सीईआरएल, सीईडब्ल्यूआरएल तथा एसईसीएल के समग्र परिचालन प्रदर्शन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीएमडी इनकान हरिमोहन गुप्ता, सीएमडी रितेश, राहुल मिथाल, एसईसीएल एवं एसईसीआर के वरिष्ठ नेतृत्व तथा आईपीआरसीएल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी प्रेमिका के प्रेमी को मौत के घाट उतारने वाले युवक को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है साथ ही 500 रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया है। एकतरफ प्यार में पागल आरोपी युवक ने अपनी प्रेमिका को पाने के लिए उसके प्रेमी को मौत के घाट उतार दिया था।



बलराम साहू।

**खास बात**

- प्रेमिका को पाने प्रेमी को उतारा था मौत के घाट

कटघोरा तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई के दौरान कोसमंदा जिला जांजगीर चांपा हाल मुकाम बजरंग चौक छुरी निवासी बलराम साहू उम्र 32 वर्ष को धारा 302 भादवि के तहत दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा दिलीप झा द्वारा जानकारी दी गई कि मृतक सुभाष देवांगन राखड़ डेम धनरास में सुपरवाईजर का काम करता था। कोसा आफिस के पास रहने वाली रजनी सारथी से विंगत कई वर्षों से सुभाष का प्रेम संबंध चला आ रहा था, जिससे आरोपी बलराम साहू भी एकफरफा प्रेम करता था। जिसके कारण आरोपी बलराम साहू रजनी सारथी को पाने के लिए मृतक सुभाष देवांगन से रंजिश रखता था जब मृतक सुभाष रजनी से मिलने के 22 मई 2023 की रात्रि उसके घर गया था उसी दरम्यानी रात आरोपी बलराम साहू ने घात लगा कर लोहे की धारदार परसूल से वार कर सुभाष देवांगन को मौत के घाट उतार दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कटघोरा द्वारा प्रथम दृष्टया हत्या का अपराध कारित करना पाये जाने पर धारा 302 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया था। उक्त प्रकरण में विचारण के दौरान तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ⏭ शेष पेज 3 पर

## ठंड के दौरान पिकनिक स्पॉट में जुटती है लोगों की भीड़

# बालको के समीप पहुंचा हाथियों का झुंड, कॉफी प्वाइंट मुख्य मार्ग पर आवाजाही बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के प्रमुख पर्यटन केन्द्र में शामिल व ठंड के समय पिकनिक के लिए मशहूर कॉफी प्वाइंट जाना फिलहाल खतरे से खाली नहीं है। बालको कॉफी प्वाइंट मार्ग पर हाथियों के झुंड ने दस्तक दे दी है। हाथियों की आमद के साथ ही वन विभाग हरकत में आया और आनन फानन में काफी प्वाइंट मार्ग को बंद कर आवागमन रोक दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल के कई वन परिक्षेत्र में हाथियों ने अपना डेरा जमाया हुआ है। दोनों ही वनमंडल के जंगलों में बड़ी संख्या में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। शनिवार को हाथियों का झुंड भटकते भटकते एक बार फिर से शहर की ओर बढ़ने लगा है। शहर से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित काफी पॉइंट मुख्य मार्ग पर हाथियों के झुंड ने दस्तक दी है। यही कारण है कि इस रास्ते पर वन विभाग की टीम तैनात कर दी गई है और मार्ग पर आवाजाही को पूरी तरह से रोक दिया गया है। बालको से कॉफी प्वाइंट जाने वाले मार्ग पर वन विभाग द्वारा संचालित बेरियर में सूचना जारी कर दी गई है कि मार्ग पर बाहरी लोगों का आवागमन रोक दिया जाए। यहां बताना होगा कि ठंड के मौसम में काफी प्वाइंट और देवपहरी पिकनिक स्पाट में लोगों की खासी भीड़ ⏭ शेष पेज 3 पर



कॉफी प्वाइंट मार्ग पर लगा वन विभाग का बेरियर।

### ड्रोन में कैद हुआ हाथियों झुंड, बेबी एलीफेंट भी शामिल

जिले के करतला ब्लॉक में 15 हाथियों का झुंड सीसीटीवी में कैद हुआ है। साजापानी, काशीपानी, लबेद और छातापाठ वन क्षेत्रों में लगातार हाथियों के मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है, इनमें छोटे हाथी भी शामिल है। हाथियों के आवाजाही की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम और कोटवारों ने गांवों में मुनादी कराई है। ग्रामीणों को सतर्क रहने और जंगल की तरफ अनावश्यक रूप से न जाने की सलाह दी गई है। विभाग ड्रोन कैमरे की मदद से मूवमेंट पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। हाथियों के झूंड में बेबी एलीफेंट भी शामिल है। इन हाथियों से 4 गांव प्रभावित है। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों के इस क्षेत्र में आने से उनमें भय का माहौल है। झुंड ने कई किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। वन विभाग फसलों के नुकसान का आंकलन कर रहा है।


**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट, डेढ़ माह बाद जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** महिला के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने के मामले में डेढ़ माह बाद जुर्म दर्ज कर लिया गया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार राजेन्द्रनगर निवासी चेतना सलूजा पति आशीष सलूजा ने लिखित शिकायत की 17 अक्टूबर 2025 को सुबह 11.30 बजे वे अपने गली के परिसर के अंदर पोताई करा रही थीं। उसी समय विशंभर गुलहरे ने अपने घर के अंदर से गाली गलौज करते हुए पोताई करने वाले लड़के को पोताई नहीं करने की धमकी दी और गली में घुस गया। श्रीमती सलूजा ने उन्हें गली से बाहर जाने के लिए कहा तो उनके साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर हाथ मरोड़ दिया। उन्होंने आरोप लगाया है कि विशंभर गुलहरे आए दिन विवाद करता है। शिकायत जांच के डेढ़ माह बाद पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर विशंभर गुलहरे के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### करंट से युवक की मौत, गैर इरादतन हत्या का जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कांटातार में प्रवाहित करंट से युवक के मौत के मामले में खेत मालिक के खिलाफ पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, जोंधरा शिवनाथ नदी खार में मुन्नीलाल प्रजापति के खेत में कांटातार में करंट प्रवाहित किया गया था। 5 अक्टूबर को शाम 5 बजे जोंधरा निवासी गौरव केंवट पि विनोद केंवट 16 साल करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई थी। जांच के बाद पुलिस ने खेत मालिक मुन्नी लाल प्रजापति के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा 105 व 135 विद्युत अधिनियम 2005 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे के बाद एक्टिवा सवार की पिटाई

**बिलासपुर।** सड़क हादसे के बाद एक्टिवा सवार युवक की लोगों ने पिटाई कर दी। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। लालखदान निवासी उमेश श्रीवास पिता रामखिलावन ने बताया, शुक्रवार को उनके घर दशगात्र का कार्यक्रम था। वे एक्टिवा से पनीर खरीदने दुकान गए थे। पनीर नहीं मिलने पर वे लौट रहे थे। देवरीखुर्द ग्रामीण बैंक के पास बिना इंडिकेटर दिए एक्टिवा सवार को दो महिलांए उनकी एक्टिवा को टक्कर मारकर गिर गईं। उसके बाद आसपास में खड़े व कार सवार युवकों ने उनके साथ हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दी। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### रेलवेः 10 दिसंबर से 24 जनवरी तक दो ब्रिज बंद

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने सड़क को मरम्मत कार्य करने के लिए दो ब्रिज को बंद करने का निर्णय लिया है। एसईसीआर बिलासपुर डिवीजन के बेलगहना-टेंगनमाड़ा स्टेशन के बीच बन रोड अंडरब्रिज को 10 दिसम्बर से 24 जनवरी तक आवश्यक रोड मरम्मत कार्य के लिए सड़क यातायात बंद किया जाएगा, जिसकी वजह से सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था टेंगनमाड़ा से खोंगसरा स्टेशन के बीच रोड अंडरब्रिज से उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा जैतरी-छुलहा स्टेशन के बीच रोड अंडरब्रिज पर 10 दिसम्बर से 24 जनवरी तक सड़क मरम्मत का कार्य करने के दौरान यातायात बंद के बाद वैकल्पिक व्यवस्था छुलहा-अनूपपुर स्टेशन के बीच रोड अंडरब्रिज से होगी।

---

**डीपीआई की आंखों में धूल झोंका**

**कोर्ट ने निराकरण करने कहा था न कि याचिकाकर्ताओं के पक्ष में निर्णय देने**

# 12 चहेते शिक्षकों की प्रधान पाठक पद पर शहर में पोस्टिंग कर दी

बिलासपुर। सहायक शिक्षकों का प्रधान पाठक पद पर प्रमोशन के मामले में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। हाईकोर्ट से याचिका डिसमिस होने और लोक शिक्षण संचालनालय से मामले का निराकरण होने के बाद भी जिला स्तर पर बड़ी सेटिंग करते हुए 12 शिक्षकों को मनचाहे जगह पर पोस्टिंग दे दी गई।



इस मामले में जिला शिक्षा विभाग के आला अधिकारी भी गोल मोल जवाब दे रहे हैं। इस मामले में खास बात है कि कोर्ट ने अभ्यावेदन का निराकरण करने का आदेश दिया था न की याचिकाकर्ताओं के पक्ष में निर्णय देने के लिए आर्डर किया था। दरअसल स्कूल शिक्षा विभाग के 29 मार्च 2023 के आदेश के परिपालन में जिले में सहायक शिक्षकों का प्रधान पाठक पद पर प्रमोशन किया गया था। इसका उल्लेख बिलासपुर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी पदोन्नति आदेश में भी है। इस प्रमोशन की जब काउंसलिंग हुई थी तब कुछ शिक्षकों ने सही जगह नहीं मिलने पर आपत्ति दर्ज कराई थी और उसके बाद कोर्ट चले गए थे। न्यायालय ने संबंधित केस में अपना निर्णय देते हुए याचिकाकर्ताओं को डीपीआई के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने कहा था।डीपीआई को इस पर नियमानुसार निराकरण करना था। डीपीआई ने इन अभ्यावेदनों को अमान्य कर दिया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को 29 मार्च 2023 के दिशा निर्देशानुसार पदोन्नति कर पदांकन करने हेतु निर्देशित किया गया। हालांकि इसके निर्देशानुसार पूर्व में ही पदोन्नति हो चुकी थी अतः उसी स्थान पर इन्हें पदस्थापना देनी थी और यह निर्णय भी केवल उन्हीं के लिए था जिन्हें कोर्ट ने अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया था।

### अवमानना याचिका की सुनवाई में केस वापस लिया

हरिभूमि के पास कोर्ट का आदेश हैं। इसके तहत हलधर साहू समेत अन्य लोगों के मामले में डीपीआई को 30 दिनों में फैसला लेने कहा गया था। डीपीआई ने तय समय में निराकरण नहीं किया तो याचिकाकर्ताओं ने अवमानना याचिका दायर की जिसकी पहली सुनवाई 16 जुलाई 2025 को हुई। इसमें रेस्पोंडेंट नंबर एक यानी डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी को नोटिस जारी हुआ। इसके बाद उन्होंने 4 सितंबर 2025 को आदेश जारी करते हुए अभ्यावेदन को अमान्य कर दिया। इस प्रकार कोर्ट के निर्णय का परिपालन हो गया। अभ्यावेदन अमान्य होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने बड़ा खेल खेला। डीपीआई और कोर्ट को गुमराह करते हुए हलधर साहू समेत अन्य की पोस्टिंग उनके मनचाहे जगह में कर दी गई। इसके बाद अवमानना याचिका की अगली सुनवाई में याचिकाकर्ताओं ने अपना केस को वापस ले लिया जो कि वैसे ही खारिज हो जाना था क्योंकि आदेश का परिपालन हो चुका था।

### मनचाहे जगह में पोस्टिंग कर दी गई

यही नहीं जिन शिक्षकों ने न्यायालय में याचिका दायर नहीं की थी उन्हें भी प्रधान पाठक पर उनके मनचाहे जगह में पदस्थापना दे दी गई है, जबकि किसी भी आधार पर उनकी पोस्टिंग हो ही नहीं सकती थी, क्योंकि जो पदस्थापना आदेश 2024 में जारी हुई थी उसमें अंतिम बिंदु पर स्पष्ट तौर पर लिखा हुआ था कि 10 दिन के भीतर कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर पदस्थापना स्वतः निरस्त मानी जाएगी। ऐसे में न्यायालय और डीपीआई के आधार पर तो पांच शिक्षकों की पदस्थापना उनके पूर्व आवंटित जगह पर होनी थी पर अन्य किसी को पदस्थापना नहीं दी जा सकती थी। इसका भी लेकिन पालन नहीं किया गया और नंदनी कौशिक की पदस्थापना शासकीय प्राथमिक शाला जरहाभाटा में प्रधान पाठक के पद पर कर दी गई है। यही नहीं इसी प्रकार के अन्य पांच शिक्षक जो न तो कोर्ट गए थे और न डीपीआई से जिनके लिए आदेश जारी हुआ है की पदस्थापना कोटा विकासखंड में कर दी गई है जिससे तीन स्कूल तत्काल एकल शिक्षकीय हो गए हैं।

### पदस्थापना उनके मनचाहे जगह पर

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिलासपुर ने डीपीआई और कोर्ट की आंखों में धूल झोंककर इन शिक्षकों की पदस्थापना उनके मनचाहे जगह पर कर दी। इसमें हलधर साहू को राजेंद्र नगर शासकीय स्कूल में प्रधान पाठक बना दिया गया जबकि पहले इनकी पदस्थापना प्राथमिक शाला चारपारा खोगसरा विकासखंड कोटा में हुई थी। इसी तरह शिप्रा बघेल की पदस्थापना शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरा में कर दी गई जबकि इनकी पहले पदस्थापना प्राथमिक शाला कन्या खमरिया विकासखंड मस्तूरी में हुई थी । इसी प्रकार सूरज कुमार सोनी की पदस्थापना शासकीय प्राथमिक शाला भटगांव विकासखंड बिल्हा में कर दी गई है जबकि पहले इनकी पदस्थापना प्राथमिक शाला पुरेना विकासखंड तखतपुर में की गई थी।

### गड़बड़ी हुई तो कार्रवाई होगी

अवमानना याचिका के आधार पर शिक्षकों के पक्ष में पोस्टिंग आर्डर जारी किया गया है। दूसरे अन्य शिक्षकों के बारे में आदेश देखना पड़ेगा। कहीं कोई गड़बड़ी होगी तो जरूर कार्रवाई होगी।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

---

**रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए शुरु की स्पेशल ट्रेनें**

# शीतकालीन छुट्टियों से पहले मुम्बई दिल्ली की ट्रेनों में नो रूम, यात्री जुटे बुकिंग कराने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शीतकालीन छुट्टियों की तिथि अब तक नहीं आई है और छुट्टियां मनाने के लिए दिल्ली और मुम्बई की ओर जाने वाली सामान्य एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ने के कारण नो रूम की स्थिति बन गई है। वहीं यात्रियों की सुविधा और उन्हें कंफर्म बर्थ देने के लिए शीतकालीन स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरु कर दिया है, जिसमें यात्री अभी से अपनी बुकिंग कर सकते हैं।

दशहरा से दीपावली की छुट्टियों के बाद यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ दिसम्बर माह में शीतकालीन छुट्टियों में रहती है। यात्री छुट्टियों के साथ नव वर्ष मनाने के लिए परिवार के साथ बाहर आना-जाना करते हैं, जिसके कारण ट्रेनों के स्लीपर कोच से लेकर एसी कोच में वेटिंग अधिक होने के कारण नो रूम की स्थिति बन जाती है। इसकी वजह से तत्काल में भी यात्रियों को कंफर्म टिकिट मिलनी मुश्किल होती है। रेल प्रशासन शीतकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की भीड़ को कम करने के उद्देश्य से स्पेशल ट्रेन की सुविधा देती है। इन शीतकालीन स्पेशल ट्रेन के बजाय ज्यादातर यात्री सामान्य एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में ही सफर करना अधिक पसंद करते हैं। इसी तरह का स्थिति इस वर्ष भी हो गई है। बिलासपुर से हावड़ा के बजाय मुम्बई, पुणे, जयपुर और दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों के स्लीपर कोच के साथ ही एसी थ्री, इकोनामी और एसी टू में यात्रियों ने डेढ़ माह पहले से बुकिंग करना शुरु कर दिया है। विशेषकर दुर्ग से हजरत निजामुद्दीन के बीच चलने वाली छत्तीसगढ़ संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, दुर्ग से जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर के बीच प्रति मंगलवार और बुधवार को चलने वाली एक्सप्रेस, रायगढ़ से निजामुद्दीन जाने वाली गोंड़वाना एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस के अलावा हावड़ा से बिलासपुर होकर मुम्बई की ओर जाने वाली हावड़ा-मुम्बई मेल, हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस, हावड़ा-सीएसएमटी ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, हावड़ा-सांई नगर शिरडी एक्सप्रेस, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों के स्लीपर में वेटिंग की स्थिति ने शतक का और एसी थ्री से लेकर एसी टू में वेटिंग का आंकड़ा 50 से 70 के बीच हो गया है।




### एक फेरा लगाएगी दुर्ग-निजामुद्दीन

शीतकालीन में गाड़ियों में होने वाली भीड़ को कम करने के लिए दुर्ग से हजरत निजामुद्दीन के बीच एक फेरे के लिए ट्रेन का परिचालन 08760/08761 नम्बर के साथ किया जाएगा। यह स्पेशल ट्रेन 08760 दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन बनकर 7 दिसम्बर को 10.45 बजे रवाना होकर रायपुर, उसलापुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, झांसी, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, पलवल स्टेशन में स्टपेज के बाद निजामुद्दीन स्टेशन तक जाएगी। इसी तरह सोमवार 8 दिसम्बर को 08761 हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग स्पेशल ट्रेन 12.30 बजे रवाना होकर उसलापुर दूसरे दिन 11.50 बजे और दुर्ग स्टेशन 15.00 बजे पहुंचेगी। ट्रेन में एक एसएलआरडी, पांच सामान्य कोच, चार शयनयान, आठ एसी थ्री, एक एसी टू, दो एकोनोमिक्स कोच सहित 18 कोच की सुविधा यात्रियों के लिए दी जाएगी।

### हावड़ा-सीएसएमटी के बीच एक फेरा

इसी तरह एक शीतकालीन स्पेशल ट्रेन शनिवार को हावड़ा से सीएसएमटी के लिए रवाना की गई है, जिसका परिचालन केवल एक फेरे के लिए होगा। गाड़ी संख्या 02870 हावड़ा-सीएसएमटी हावड़ा से 6 दिसम्बर शनिवार को 13.55 बने रवाना हो चुकी है, जो खड़गपुर, टाटानगर, राउरकेला, झारसुगुड़ा होते हुए बिलासपुर देर रात 1 बजकर 15 मिनट पर पहुंचने के बाद रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, बड़नेरा, अकोला, भुसावल, नासिक रोड होते हुए रात 23.45 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। इसी तरह सोमवार 8 दिसम्बर को 02869 सीएसएमटी-हावड़ा स्पेशल ट्रेन 11.05 बजे रवाना होने के बाद बिलासपुर दूसरे दिन सुबह 7.40 बजे होकर हावड़ा 20.55 बजे पहुंच जाएगी। ट्रेन में 1 एसएलआरडी, चार सामान्य कोच, 6 स्लीपर कोच, दो एसी थ्री इकोनामी, चार एसी थ्री, दो एसी टू, एक एसी फर्स्ट, जनरेटर कार सहित 21 कोच की सुविधा होगी।

---

**एसआईआरः डोर टू डोर सर्वे का काम पूरा**

# जिले में 1 लाख 29 हजार से अधिक मतदाता मिले अपसेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचन नामावली का गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर चल रहा है। एसआईआर के तहत पहले चरण में बीएलओ के माध्यम से डोर-टू-डोर सर्वे का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। बिलासपुर जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 75 हजार 737 है, जिनमें से एसआईआर सर्वे दौरान 1 लाख 29 हजार 816 मतदाता अनुपस्थित पाए गए हैं।

■ जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 75 हजार 737 है

एसआईआर के दौरान इतनी अधिक संख्या में मतदाताओं के अनुपस्थित पाए जाने से एसआईआर कार्य में लगा प्रशासनिक अमला भी आश्चर्यचकित है। एसआईआर तहत मतदाताओं के डोर-टू-डोर सर्वे और गणना फार्म भराने का काम 4 नवंबर से शुरू हुआ था। पहले चरण में बीएलओं को अपने-अपने बूथों से संबंधित क्षेत्रों में घर-घर जाकर गणना फार्म बांटना था और बाद में भरे गए गणना फार्म को वापस जमा लेना था। बिलासपुर जिले अंतर्गत बिलासपुर, बेलतरा, बिल्हा, तखतपुर, कोटा व मस्तूरी 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें 1815 बूथ हैं। प्रत्येक बूथ के हिसाब से उतने ही बीएलओ बनाए गए हैं और कुल 3800 अधिकारियों-कर्मचारियों को एसआईआर काम में लगाया गया है। डोर-टू-डोर सर्वे और गणना फार्म भरने का काम लगभग पूर्णता की ओर है और सर्वे में जिले में 1 लाख 29 हजार 816 मतदाता अनुपस्थित पाए गए हैं। इनमें ऐसे लोग शामिल हैं जिनका कोई अतापता नहीं चल रहा है या फिर उनके घर बीएलओ गए थे वहां कोई नहीं मिला या फिर घर छोड़कर कहीं चले गए हैं। उन लोगों का एसआईआर दौरान गणना फार्म भी नहीं भरा पाया है।

### बूथों में चस्पा की जाएगी लिस्ट

निर्वाचन आयोग ने सभी बीएलओ को सर्वे दौरान जो मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, डुप्लीकेट या मृत पाए गए हैं, उनकी लिस्ट बूथों में चस्पा करने के निर्देश दिए हैं। बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे का काम लगभग पूरा कर लिया गया है, साथ ही भरे हुए गणना पत्रक का डिजिटाईजेशन कार्य भी किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार अब उन मतदाताओं की लिस्ट तैयारी की जा रही है, जिनके गणना पत्रक किन्हीं कारणों से जमा नहीं हुए हैं। इनमें अनुपस्थित मिलने या स्थानांतरित होने एवं डुप्लीकेट तथा मृत हो चुके लोग शामिल हैं जिनका फार्म जमा नहीं हो पाया है। ऐसे मतदाताओं की लिस्ट तैयार कर मतदान केन्द्रों या पंचायत भवनों में तथा नगरीय निकाय कार्यालयों में चस्पा किया जाएगा ताकि उस पर दावा-आपत्ति की जा सके। इस लिस्ट को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त किए गए बूथ लेवल एजेंट बीएलए के साथ साझा करने कहा गया है ताकि यदि कोई मतदाता किसी भी कारण से गणना पत्रक जमा नहीं कर पाया है तो वह भी गणना पत्रक निर्धारित तिथि तक जमा कर सके।

### 12 लाख 72 हजार 549 मतदाताओं के फार्म जमा

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर तहत घर-घर मतदाताओं के सत्यापन की तिथि को बढ़ाकर 11 दिसंबर तक कर दिया है। जिले में कुल 16 लाख 75 हजार 737 मतदाता हैं। इनमें से अब तक बीएलओ द्वारा 12 लाख 72 हजार 549 मतदाताओं से गणना फार्म भराए जा चुके हैं। इसमें बिलासपुर विधानसभा में 152446, कोटा विधानसभा में 193745, तखतपुर विधानसभा में 213907, बिल्हा विधानसभा में 259319, बेलतरा विधानसभा में 189412 तथा मस्तूरी विधानसभा में 263720 मतदाताओं के गणना फार्म जमा होने के बाद डिजिटाईजेशन भी हो गया है।

### बढ़ाई गई है तिथि

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर तहत मतदाताओं के सत्यापन, गणना फार्म भराने के लिए 11 दिसंबर तक तिथि बढ़ा दी है। अभी तक गणना फार्म जमा होने के बाद 75 प्रतिशत डिजीटाईजेशन का काम भी हो गया है। एसआईआर दौरान बड़ी संख्या में मतदाता अनुपस्थित पाए गए हैं, किन्तु अभी फाइनल डाटा आना बाकी है।

-एस बनर्जी, उपजिला निर्वाचन अधिकारी

---

# अफोर्डेबल हाउसिंग में रोड़ा बना ईडब्ल्यूएस मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जरूरतमंद लोगों को सस्ते प्लॉट एवं मकान उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा अफोर्डेबल हाउसिंग का कांसेप्ट तो लाया गया है, लेकिन शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में नए कांसेप्ट के अंतर्गत स्वीकृति लेने वाले प्रोजेक्ट में ईडब्ल्यूएस वालों के लिए कितनी जगह छोड़नी है, इसका कोई जिक्र नहीं किया गया है। ऐसे में विभाग ईडब्ल्यूएस के लिए जारी पुरानी शर्तों को ही यथावत मानकर चल रहा है।

■ नए निर्देशों में ईडब्ल्यूएस के लिए कोई दिशा-निर्देश नहीं

अफोर्डेबल हाउसिंग के लिए शासन द्वारा जारी गाईडलाईन में ईडब्ल्यूएस का कोई उल्लेख नहीं होना इस योजना की गति को धीमी कर रहा है। शासन द्वारा जारी गाईडलाईन में गार्डन, प्लॉट व मकानों की संख्या, कुल भूमि का रकबा, गार्डन का रकबा उल्लेखित है। इसके विपरीत ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए कुल भूमि का कितना प्रतिशत हिस्सा छोड़ना है, या नहीं छोड़ना है, इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया है। ऐसे में न केवल कॉलोनाईजरों, बल्कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अधिकारियों में भी फिलहाल कंफ्यूजन बना हुआ है।

कॉलोनाईजर विभाग में नई नीतियों को समझने के लिए पहुंच तो रहे हैं, लेकिन अधिकारी ईडब्ल्यूएस का नाम सुनते ही कोई ठोस जवाब देने की हालत में नहीं है। ऐसे में विभाग द्वारा फिलहाल पहले की तरह ही कालोनियों में ईडब्ल्यूएस का प्रतिशत रखते हुए प्रकरण आगे भेजे जा रहे हैं। यही कारण है कि कॉलोनाईजरों द्वारा फिलहाल शासन से गाईडलाईन में संशोधन होने तक का इंतजार किया जा रहा है।

### गार्डन के लिए अब दस की बजाए पांच प्रतिशत

पुराने नियमों के अनुसार प्रस्तावित कालोनियों में गार्डन के लिए कुल भूमि का दस प्रतिशत हिस्सा गार्डन के लिए छोड़ने की बाध्यता रखी गई थी। इसके विपरीत नए अफोर्डेबल हाउसिंग के अंतर्गत गार्डन के लिए छोड़ी जाने वाली भूमि को कुल प्लॉट का पांच प्रतिशत ही निर्धारित किया गया है। ऐसे में कॉलोनाईजर के पास गार्डन के लिए छोड़ी जाने वाली भूमि में से पांच प्रतिशत भूमि में और अधिक प्लॉट बेच सकेंगे। जब कॉलोनाईजर को लाभ होगा तो ऐसी स्थिति में कॉलोनाईजर द्वारा प्लॉट के रेट कम करके इसका लाभ आम जनता को भी दिया जा सकेगा।

### राजपत्र को पढ़ा जाए

शासन द्वारा जो भी नियम बनाए गए हैं सारे राजपत्र मे उल्लेखित हैं। इसे ही पढ़ा जाए।

-भानुप्रताप सिंह पटेल, प्रभारी संयुक्त संचालक टाऊन प्लानिंग विभाग

---

# प्रदेश के 1 लाख आउटसोर्स कर्मी 28 को करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में सरकारी विभागों में कार्यरत एक लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मी राज्य सरकार के खिलाफ 28 दिसंबर को आंदोलन करेंगे। इसमें सभी आउटसोर्स कर्मियों की सेवा नियमित करने के साथ ही आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करने की मांग की जाएगी।

■ कर्मचारी वर्षोंसे हो रहे शोषण का शिकार

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन की ओर से कहा गया है कि क्लास-3 और 4 में सेवाएं दे रहे इन कर्मचारियों को न तो समान काम के लिए समान वेतन मिल रहा है और न ही पीएफ, ग्रेच्युटी जैसी सामाजिक सुरक्षा का लाभ। इसी कारण प्रदेश में सौ से अधिक एजेंसियों के माध्यम से नियुक्त ये कर्मचारी वर्षों से शोषण का शिकार हो रहे हैं। लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों को नियमितीकरण से वंचित रखना सुप्रीम कोर्ट के उमा देवी केस के फैसले के भी विपरीत है। कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी तक नहीं मिल रही। दूसरी ओर राज्य सरकार हर साल लगभग 276 करोड़ रुपए केवल जीएसटी और एजेंसी शुल्क के रूप में खर्च कर रही है। प्रदेश में श्रम संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और औद्योगिक संबंध संहिता के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा।

---

# युवक ने की आत्महत्या, फांसी लगाने से पहले वीडियो बनाकर किया वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने अपना एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में वायरल किया है जिसमें उसने तीन लोगों पर घर में घुसकर माता पिता व भाई से गाली गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि शहर के बौरीपारा शिकारी रोड निवासी परम तिवारी आ. आदित्यनाथ तिवारी पॉलिटेक्निक का छात्र था। युवक पिछले एक डेढ़ साल से परिवार से अलग रहा था और कुछ माह पूर्व ही वह केदारपुर सहेली गली में किराए के मकान में रह रहा था। बीती रात युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव शनिवार को कमरे में पाया गया है। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है। वहीं अब तक इस मामले में जो जानकारी आई है उसके अनुसार मृतक का शुक्रवार की शाम झगड़ा विवाद हुआ था। मृतक के पिता का कहना है कि उनका पुराना विवाद चल रहा है और शुक्रवार की शाम जिम से निकलने के बाद उनका विवाद हुआ था जिसके बाद युवक सहित उसके परिजन उसके घर जाकर माता-पिता व छोटे भाई के साथ ही परम तिवारी को जान से मारने की धमकी दी थी।



---

# करंट की चपेट में आने से युवक की गई जान

सेदम। शौच के लिए जा रहा युवक करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करदना निवासी इस्माईल तिग्गा आ. मंगल तिग्गा (28 वर्ष) शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे शौच हेतु घर के पीछे दरवाजे से शौचालय में जा रहा था। इस बीच धान मिसाई करने खलिहान में घर से लगाए गए बिजली कनेक्शन के टूटे विद्युत तरंगित तार की चपेट में आ गया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर पिता मंगल तिग्गा सवेरे 6 बजे शौच करने बाहर जा रहा था तभी बेटे का शव से टकरा किया जिससे करंट लगने से वह दूर जा गिरा। परिवार के सदस्य बाहर आए और शव को देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर एएसआई नारायण सिंह पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर पंचनामा पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



---

# सूने मकान में चोरों का धावा, 3 लाख के जेवर व नकद चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वीआईपी सिविल लाइन क्षेत्र में एक बार फिर चोर गिरोह ने आतंक मचाते हुए एक सूने मकान में धावा बोलकर 3 लाख के सोने चांदी के जेवर व नकद रकम की चोरी कर ली। पुलिस चोरों का सुराग तक नहीं लगा पाई है।

■ सिविल लाइन क्षेत्र में चोर मचा रहे आतंक

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला गीतांजली पार्क निवासी अनिल कुमार निर्मलकर पिता इंद्रकुमार निर्मलकर 3 दिसंबर को सुबह 7.30 बजे अपने मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार को लेकर दशगात्र में शामिल होने महासमुंद चले गए थे। इसी दौरान चोर सूने मकान का फायदा उठाते हुए ताला तोड़कर अंदर घुसे और पूरा मकान खंगाल डाला। आलमारी का लाकर तोड़कर सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमका, एक अंगूठी, 4 जोड़ी पायल, दो चेन, बाजूबंद, कमरबंद व 15 हजार रुपए नकद सहित तीन लाख का सामान चोरी कर लिया। 5 दिसंबर की शाम 5.30 बजे वे परिवार सहित घर लौटे तो चोरी की जानकारी हुई। घर के अंदर सामान अस्त व्यस्त थे और आलमारी से जेवर व नकद रकम की चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री निर्मलकर की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

### गिनती के गश्त पाइंट

सिविल लाइन क्षेत्र में चोर गिरोह जमकर आतंक मचा रहे हैं। पूर्व में अग्रसेन चौक साकेत अपार्टमेंट, उसलापुर गुलमोहर कालोनी, मंगला चौक नंद विहार कालोनी में बड़ी चोरी की वारदात हो चुकी है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

## खबर संक्षेप

### पांच स्थानों से 131 क्विंटल अवैध धान जब्त



**जांजगीर-चांपा।** जिले में अवैध धान के भंडारण एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 5 स्थानों से 131 क्विंटल अवैध धान जब्त करने की कार्रवाई की गई है। राजस्व एवं मंडी विभाग की टीम ने अकलतरा एवं पामगढ़ तहसील के विभिन्न ग्रामों में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध धान जप्त किया। अकलतरा क्षेत्रांतर्गत कार्रवाई ग्राम कल्याणपुर में ब्रजेश निर्मलकर के पास से 14 क्विंटल, दिनेश निर्मलकर से 41.20 क्विंटल,पामगढ़ तहसील क्षेत्रांतर्गत ग्राम रसौटा में लीलाराम रत्नाकर से 34 क्विंटल, ग्राम भुईगांव में राधेश्याम अग्रवाल से 24.80 क्विंटल, ग्राम भिलोनी में गोकुल पटेल से 17.60 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है। सभी मामलों में मंडी अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी रखने हेतु अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इसके लिए राजस्व, मंडी व खाद्य विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई है।

### ट्रैक्टर ट्राली की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** ट्रेक्टर ट्राली चोरी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती जिला का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बगबुडवा निवासाी प्रार्थी संतोष कुमार साहू पिता स्व. सतराम साहू उम्र 35 वर्ष ने 5 दिसंबर को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके ट्रेक्टर के ट्राली किमती 2 लाख रूपये को रात्रि कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है। मुखबीर से मिली सूचना पर एक व्यक्ति राताखार कोरबा में एक चोरी के ट्रेक्टर ट्राली को बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश करने की जानकारी मिली। सूचना तस्दीक हेतु राताखार कोरबा में रात में ही दबिश देकर संदेही युवक को पकड़ा गया जिसे कडाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह तथा उसके चार अन्य दोस्त मिलकर ग्राम बगबुडवा से ट्रेक्टर ट्राली को अपने स्वयं के सोनालिका ट्रेक्टर के इंजन क्रमांक सीजी 12 बी क्यू 8464 में चोरी कर राताखार ले आये थे आरोपी ओम पाण्डेय के निशानदेही पर चोरी गये ट्रेक्टर के ट्राली तथा चोरी में प्रयुक्त सोनालिका ट्रेक्टर के इंजन को जप्त कर कार्यवाही की। जहां आरोपी ओम पाण्डेय पिता मनोज कुमार पाण्डेय उम्र 20 साल साकिन राताखार कोरबा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रकरण के अन्य आरोपियों का पता तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक लखन लाल पटेल, के नेतृत्व में उप निरीक्षक भूपेन्द्र चन्द्रा, प्रधान आरक्षक शब्बीर मेमन, आरक्षक जोगेश राठौर एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### लकड़ी से भरे ट्रैक्टर सहित पकड़े गए तीन आरोपी

**जांजगीर-चांपा।** तहसील मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम सारसडोल में शासकीय भूमि पर लगे कौहा वृक्ष की अवैध कटाई का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की सतर्कता के चलते तीन युवक लकड़ी सहित रंगे हाथों पकड़े गए। पुलिस ने मौके से कौहा लकड़ी लोड एक ट्रैक्टर को पकड़ा। वहीं आरोपी पिंटू साहू, सुरेन्द्र सिदार और जगन्नाथ साहू को पकड़ा है। तीनों आरोपी ग्राम नंदेली, थाना जैजैपुर जिला सक्ती के बताए जा रहे हैं। पुलिस ने ट्रैक्टर, लकड़ी एवं आरोपियों को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है। थाना अधिकारियों ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद पूरा मामला वन विभाग को सौंप दिया। वन विभाग की टीम ने लकड़ी व वाहन को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### धान उठाव के...

समितियों में पहले दिन से धान खरीदी की शुरुआत हुई थी वहां धान रखने की समस्या भी खड़ी होने लगी थी। ऐसी स्थिति में प्रशासन पर उठाव के लिए राईस मिलर्स से अनुबंध हेतु दबाव भी बढ़ रहा था।

### हत्या के आरोपी...

कटघोरा पीठासीन अधिकारी श्री एचके रात्रे के द्वारा साक्षियों के साक्ष्य के दौरान आये तथ्यों के आधार पर आरोपी के विरूद्ध धारा 302 भादवि के तहत अपराध सिद्ध पाये जाने पर आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया।

### बालको के...

देखने को मिलती है। विशेषकर शनिवार व रविवार को बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने इन स्थानों पर पहुंचते हैं। इस मार्ग पर हाथियों के झुंड के आने से वन विभाग की मुश्किलें बढ़ गई है। यही वजह है कि हाथियों से किसी तरह की जनहानि न हो इसे ध्यान में रखते हुए मार्ग पर आवागमन रोक दिया गया है, जिससे हाथी मानवद्वंद में लगाम लगाई जा सके।

# मीडिया एनिमेशन प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ, कैरियर निर्माण में मिलेंगे अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

देश में मीडिया एनिमेशन और वीएफएक्स उद्योग के विस्तार को देखते हुए केंद्र सरकार ने इस क्षेत्र में कौशिल विकास और प्रशिक्षण पर जोर देते हुए एक बड़ी राशि निवेश करने का निर्णय लिया है। वैश्विक स्तर पर एनिमेशन और वीएफएक्स के उद्योग का मूल्य 4 सौ अरब डालर तक पहुंच गया है। आने वाले वर्षों में इसमें तेजी की संभावनाएं हैं। जिसे देखते हुए कैरियर पब्लिक स्कूल सोसायटी के द्वारा जिले में पहली बार कैरियर डिजाईनिंग प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई है।

कलेक्टर अजीत वसंत के हाथों शनिवार को कैरियर पब्लिक स्कूल इस प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोरबा में इस तरह के आधुनिक कौशल केंद्र का

### कैरियर पब्लिक स्कूल सोसायटी द्वारा शुरु किया गया प्रशिक्षण केंद्र

**खास बातें**

- जिले का पहला कैरियर डिजाइन केन्द्र की हुई स्थापना
- युवाओं के कैरियर निर्माण में होगा सहायक



प्रारंभ युवाओं के कैरियर निर्माण में एक ऐतिहासिक कदम होगा। संस्थान की कैरियर डिजाईनिंग की स्थापना कमेटी के चेयरमेन मनीष रजोरिया द्वारा की गई है जो देश के प्रमुख उद्यमियों से एक है। श्री रजोरिया अंतराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पर्पलटर्टल के निर्माता भी है जो एक विश्व प्रद्धिद्ध एनीमेटिट सीरीज है जिसका प्रसारण भारत सहित अमेरिका और यूरोप के कई बड़े देशों में किया जाता है। इस अवसर पर श्री रजोरिया ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना का उद्देश्य कोरबा के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आधुनिक कौशल प्रदान करेगा। कोरबा में इस आधुनिक केंद्र की शुरुआत न केवल युवाओं को आधुनिक स्किल सीखाने में मदद करेगी बल्कि उन्हें रोजगार, स्टार्टअप उद्यमित सहित अंतराष्ट्रीय अवसरों की ओर प्रेरित करेगी। यह कदम कोरबा को डिजिटल क्रियेटिविटी और मीडिया शिक्षा के प्रमुख केंद्रों में शामिल करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस केंद्र में छात्र एनीमेशन, वीएफएक्स ग्राफिक्स डिजाईन, डिजिटल मार्केटिंग वीडियो एडिटिंग, यूआई, यूएक्स डिजाईन और गेम डिजाईन जैसे आधुनिक और तेजी से उभरते क्षेत्रों का व्यहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

### सुरक्षित देखभाल के लिए स्वास्थ्य विभाग ने की अपील

# उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान देखभाल पर विभाग कर रहा फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित मातृत्व को प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान और नियमित देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभाग ने बताया है कि जिन महिलाओं में विशेष चिकित्सकीय स्थितियाँ या जटिलताएँ पाई जाती हैं, उन्हें तुरंत अपने नजदीकी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में संपर्क कर आवश्यक परीक्षण और उपचार कराना चाहिए।

उच्च जोखिम गर्भावस्था की स्थिति तब मानी जाती है जब गर्भवती महिला की उम्र 35 वर्ष से अधिक या 17 वर्ष से कम हो, या फिर उसे डायबिटीज, थायरॉइड, मिर्गी, उच्च रक्तचाप, हृदय या किडनी संबंधी बीमारी हो। इसके अतिरिक्त दो या दो से अधिक बार गर्भपात होना, पिछला प्रसव ऑपरेशन से होना, सिफीलिस, टीबी या एचआईवी जैसी बीमारियाँ, गर्भ में बच्चे की स्थिति आड़ी, तिरछी या उल्टी होना, पिछली गर्भावस्था में जटिलताएँ रहना, धूम्रपान या शराब सहित अन्य नशे की आदत और एनीमिया जैसी स्थितियाँ भी गर्भावस्था को उच्च जोखिम की श्रेणी में ले आती हैं। उच्च जोखिम की आशंका तब भी हो सकती है जब गर्भवती महिला को अत्यधिक सिरदर्द, धुंधला दिखाई देना, तीव्र पेट दर्द, हाथ-पैर या चेहरे में सूजन, किसी भी प्रकार का रक्तस्त्राव या पानी जैसा रिसाव हो, या फिर पेट में बच्चे की गतिविधि कम महसूस हो। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच करानी चाहिए, डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाओं का समय पर सेवन करना चाहिए, संतुलित और पौष्टिक आहार लेना चाहिए, पर्याप्त आराम करना चाहिए और तनाव से बचना चाहिए। डायबिटीज और बीपी की स्थिति को नियंत्रण में रखना भी बेहद जरूरी है। प्रसव के लिए समयपूर्व उचित योजना बनाना गर्भवती महिला और शिशु दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। यदि गर्भवती महिला को किसी भी प्रकार का रक्तस्त्राव हो, बुखार या अत्यधिक दर्द महसूस हो, या फिर बच्चे की हरकत कम हो जाए, तो बिना देर किए तुरंत डॉक्टर या हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पहुँचकर उपचार कराना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने सभी गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों से अपील की है कि किसी भी जोखिम या असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करें। समय पर जांच, उपचार और जागरूकता सुरक्षित प्रसव और स्वस्थ मातृत्व की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

# दूरस्थ अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुरक्षित मातृत्व की ओर सफल कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव की लीली कुजुर के पति मजदूरी करते हैं। जब वह दूसरी बार गर्भवती हुईं, तब परिवार में सुरक्षित प्रसव को लेकर अनेक चिंताएँ थीं। सीमित साधन और ग्रामीण परिस्थितियों के बावजूद लीली चाहती थीं कि प्रसव के दौरान किसी प्रकार की परेशानी या जोखिम न आए।

गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों और मितानिनों ने उन्हें नियमित जांच, सुरक्षित प्रसव और उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनकी सलाह पर लीली ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लेमरू में अपना संपूर्ण उपचार कराने का निर्णय लिया। प्रसव पीड़ा बढ़ने पर परिवार ने तत्क्षण छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित 102 एंबुलेंस सेवा को संपर्क किया। रात लगभग 12 बजे उन्हें अस्पताल लाया गया, जहाँ उपलब्ध चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ ने पूरी तत्परता से उनका सुरक्षित प्रसव कराया। लीली ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया, जिसका वजन 2 किलो 400 ग्राम था। लीली बताती हैं कि उनके पति बाहर राज्य में मजदूरी करते हैं, परंतु लेमरू के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध संपूर्ण सुविधाओं ने उन्हें सुरक्षित मातृत्व का भरोसा दिया। दूरस्थ अंचल में स्थित यह स्वास्थ्य केंद्र आसपास के अनेक गांवों के लिए जीवनदायिनी सुविधा है। यहाँ चिकित्सा सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहती हैं और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपचार के लिए आते हैं। इसी स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने वाली हेमा भी अपनी सकारात्मक अनुभव बताती हैं। उन्होंने बताया कि उनका प्रसव भी सुरक्षित रूप से यहीं हुआ और बच्चे का वजन 3 किलो 100 ग्राम था। गांव की मितानिनों और स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा उन्हें केंद्र की सुविधाओं और सुरक्षित प्रसव के बारे में लगातार जानकारी दी गई थी। गर्भावस्था के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना अंतर्गत 9 और 28 सप्ताह में महिला चिकित्सक से नियमित जांच भी कराई। लेमरू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र न केवल स्वास्थ्य सुविधा का केंद्र है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए सुरक्षित मातृत्व का मजबूत सहारा बन चुका है। लीली और हेमा जैसी अनेक महिलाओं की यह कहानी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की सच्ची सफलता को दर्शाती है।

# श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है जो पापों का करती है नाश : प्रतिमा



कथा श्रवण करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार बस्ती रोड मथुरा यशोदा शांता कृपा एमआर ब्रदर्स भवन में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 29 नवंबर से 6 दिसंबर तक आयोजित किया गया। कथा वाचिका देवी प्रतिमा तिवारी के द्वारा रोजाना प्रभु इच्छा तक संगीतमय कथा का रसपान कराया गया। कथा के सातवें दिन प्रतिमा तिवारी के द्वारा प्रभु श्रीकृष्ण के होली गीत, तुलसी वर्षा, गीता महात्म्य का रसपान कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत सर्व दुःखों का नाश करते है, जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है, जब भी आप सभी श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करें तो मन को प्रभु श्री कृष्ण को समर्पित कर कथा का आनंद लें। श्री कृष्ण राधा की होली गीत ने समां बांधा कि सभी श्रोतागण झुमने थिरकने लगे और फूलों की होगी खेली गई। इस दौरान खैबर सिंह राठौर, खेमिन राठौर, नरेश कुमार, मीना राठौर, मनोज कुमार, संतोषी राठौर, राजेश संतोषी राठौर, सतीष, पालेश्वर, निलेश, रीता राठौर, सत्यवती दिव्या, उपासना, शिवम, हेमंत,वंश राठौर, जयसिंह राठौर, चिंताराम राठौर, हरिराम अग्रवाल, गया प्रसाद, हरनारायण राठौर, चुलेश्वर राठौर, धर्मेन्द्र राठौर, सुरेंद्र राठौर, डां गणेश प्रभुवा, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, निलेंद्र राठौर, गोविंद राठौर, पूनम अहिर, प्यारे पटेल, राजू महराज, जेपी तिवारी का सहयोग रहा।

# एक सच्चे देशभक्त व महान मानवतावादी थे डॉ. भीमराव अंबेडकर



कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा ओपन थियेटर घंटाघर चौक पर स्थित बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा के समक्ष उनकी 69वीं पुण्यतिथि मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेसजनों ने संविधान रचयिता डॉ.भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, जिसके बाद उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि सच्चे अर्थों में डॉ.भीमराव अम्बेडकर एक सच्चे देशभक्त और महान मानवतावादी थे।

**खास बात**

- जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाई बाबा साहेब की 69वीं पुण्यतिथि

श्री यादव ने आगे कहा कि डॉ.भीमराव अम्बेडकर समाज के प्रेरक थे उनका दर्शन सामाजिक चिन्तन पर ही आधारित था। नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजली देते हुए कहा कि डॉ.बाबा साहब ने सामाजिक समानता मौलिक अधिकार, मानवीय न्याय, समाजवाद तथा देश की एकता के लिये संघर्ष के पथ में अपने प्राणों की आहूति दे दी। श्री साहू ने कहा कि डॉ.साहब के पुण्यतिथि पर उनके काम को भारतीय समाज में व्यावहारिक रुप देने की जरुरत है। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष कोरबा संतोष राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष बालको दुष्यंत शर्मा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के महिला अध्यक्ष पुष्पा पात्रे, उप-नेताप्रतिपक्ष डॉ.रामगोपाल कुर्रे, पार्षद बद्रीकिरण, सुखसागर निर्मलकर, रवि चंदेल, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मो. शाहिद, पूर्व पार्षद मनक राम साहू, पालूराम साहू, अविनाश बंजारे, डॉ.रामगोपाल यादव, कन्हैया राठौर, कुंजबिहारी साहू, रमेश वर्मा, संतोष चैहान, रामकुमार राठौर, शांता मंडावे, लक्ष्मी महंत, सुनीता तिग्गा, द्रोपती तिवारी, शशी अग्रवाल, संगीता श्रीवास, गोपाल यादव, सुशील नेताम सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### सतनामी कल्याणी समिति ने मनाया परिनिर्वाण दिवस

**कोरबा।** डॉ भीमराव अंबेडकर की परिनिर्वाण दिवस पर घंटाघर में स्थापित अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा के समक्ष कर सतनामी कल्याण समिति के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर देश के संविधान निर्माता है और उन्हीं के द्वारा देश में बनाए गए कानून को अमल करते हुए भारतवर्ष शांति से जीवन यापन कर रहा है। इस अवसर पर आरडी भारद्वाज, यूआर महिलांगे, रवि खुंटे, सुरेश धारी, राजेश मार्बल, पुष्पा पात्रे, लखन कठौतिया, मनोज मनहर, त्रिवेंद्र आदिले, अजय पतले, दिनेश कुर्रे उपस्थित रहे।



### अंबेडकर चौक में मनाया गया परिनिर्वाण दिवस



**हरदीबाजार।** डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अंबेडकर चौक हरदीबाजार में उनके प्रतिमा में माल्यार्पण एवं मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर विधायक प्रतिनिधि नरेश टंडन, लालजी टंडन, प्रमोद जायसवाल, हीरालाल अहीर, चैतराम बघेल, राज ओगरे, हारनारायण यादव, श्री मिरी, श्री पटेल, जीवन लाल चौहान, गुलाब महंत एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कमलिनी स्कूल बालको ने मनाया ग्रैंड पेरेंट्स डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कमलिनी एम. जी.एम.नर्सरी स्कूल बाल्को के प्रांगण में रेवरेंड फॉदर जोसेफ़ सनी जॉन (कमलिनी एम . जी.एम.नर्सरी स्कूल, बाल्को उपाध्यक्ष) और राजन वर्गीज़ (कमलिनी एम . जी.एम.नर्सरी स्कूल, बाल्को समिति सदस्य) की उपस्थिति में ग्रैंडपेरेंट्स डे मनाया गया। छात्रों के दादा दादी ने बड़े आनंद और उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने अपने दादा दादी के लिए भाषण, नृत्य और स्किट प्रस्तुत किए। उनके लिए खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने भाग लिया और आनंद लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और सभी ने अद्भुत समय बिताया।

### भत्ते के 70 प्रतिशत हिस्से को आयकर से छूट देने और 10 हजार की सीमा हटाने की मांग

# लोको पायलट भूख हड़ताल समाप्त कर लौटे काम पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के बैनर तले लोको पायलटों ने 48 घंटे की भूख हड़ताल पश्चात कार्य पर वापसी की है। हालांकि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी रखने की बात कही है। लोको पायलटों का कहना है कि केंद्र सरकार ने अन्य केंद्रीय कर्मचारियों के भत्तों में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, लेकिन उनके भत्ते नहीं बढ़ाए गए है।

उनकी मांगों में लोकोमोटिव में शौचालय की सुविधा का अभाव भी शामिल है, जिससे विशेषकर महिला लोको पायलटों को परेशानी होती है। इसके अलावा पर्याप्त आराम न मिलने से ट्रेन और यात्रियों की सुरक्षा पर भी असर पड़ने का दावा किया गया है। लोको पायलटों की अन्य मांगों में 1 जनवरी 2024 से किलोमीटर भत्ता और टीए में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी और एरियर का भुगतान शामिल है। वे किलोमीटर भत्ते के 70 प्रतिशत हिस्से को आयकर से छूट देने और 10 हजार की सीमा हटाने की भी मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही रनिंग स्टाफ को साप्ताहिक 46 घंटे का आराम, हादसों की स्थिति में रिमूवल फ्रॉम सर्विस की सजा खत्म करने और ड्यूटी का अधिकतम समय 8 घंटे तय करने की मांग भी की गई है। लॉबी बेस के अलग-अलग साइडिंग ट्रिप साइडिंग माइलेज की विसंगतियों को दूर करने की भी मांग उठाई गई है। जिले में पदस्थ लोको पायलट ने बताया कि बिलासपुर डिवीजन में लगभग 45सौ स्टाफ की कमी है।

स्टाफ की कमी के कारण उन्हें पर्याप्त छुट्टी नहीं मिल पाती, जिससे काम का बोझ बढ़ जाता है। नई भर्तियां होने से स्टाफ को राहत मिलेगी और रेलवे के संचालन में भी सुविधा होगी। जिले में पदस्थ लोको पायलट ने पुष्टि की कि 48 घंटे के आंदोलन के बाद वे काम पर लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मांगें रेलवे प्रशासन के समक्ष रखी गई हैं।



भूख हड़ताल पर बैठे लोको पायलट।

**न्यायालय तहसीलदार बरपाली, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**// राजस्व मामले में नोटिस //**

**कमांक /371/ तह0/वाचक/2025**

**बरपाली, दिनांकः-28-11-2025**

प्रति, 1. दिनेश्वर पिता एम.डी. वैष्णव जाति वैष्णव, निवासी सरगबुंदिया (अमलीभांठा) तहसील बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.) 2. परगटसिंह पिता निर्मलसिंह जाति क्षत्रिय, निवासी कुसमुंडा तहसील दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.) 3. देवेन्द्र पिता मनोहर साधू जाति उरांव, निवासी गेवरा, तहसील दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.) इस न्यायालय के रा0प्र0 क्रमांक 202508050100042/अ-6अ/2024-25, पक्षकर संतोष कुमार कुर्रे पिता खम्हनलाल जाति सतनामी विरूद्ध दिनेश्वर पिता एम.डी. वैष्णव जाति वैष्णव एवं अन्य 2 में आवेदक संतोष कुमार कुर्रे पिता खम्हनलाल द्वारा अपने पिता खम्हन लाल पिता धुनूराम के नाम पर ग्राम सण्डैल, प०ह०नं०- 17. तहसील बरपाली में ख0नं0- 504/3 रकबा 0.37 एकड/0.149 हे० भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त खसरे की रकबा 0.37 एकड 0.149 हे0 है, जबकि अनावेदक दिनेश्वर के नाम पर रबा 0.162 हे0, परगट सिंह के नाम पर रकबा 0.020 हे0 तथा देवेन्द्र के नाम पर रकबा 0.020 हे० वर्तमान कम्प्यूटर ऑन लाईन में दर्ज है। खातेदार खम्हन लाल की मृत्यु हो जाने के कारण आवेदक उक्त वर्णित खसरे की भूमि को अपने नाम पर अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा), कोरबा के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसकी न्यायालय में सुनवाई दिनांक 15.12.2025 को नियत है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मामले की सुनवाई की तारीख 15.12.2025 को दिन के 11.00 बजे न्यायालय तहसीलदार बरपाली, जिला कोरबा में होगी। नियत समयावधि को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 28.11.2025 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**तहसीलदार बरपाली जिला-कोरबा**

## खबर संक्षेप

### एसआईआर को लेकर कांग्रेस की बैठक आज

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि 7 दिसम्बर की सुबह 11.30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में एसआईआर कार्यक्रम के तहत आयोजित बैठक के साथ-साथ कांग्रेस जनों की बैठक आयोजित है। बैठक में मुख्य रुप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के सह-प्रभारी सुश्री जरिता लैतफलांग एवं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक, एनएसयूआई, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, पूर्व पार्षद, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, कांग्रेस अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ, ब्लॉक, मण्डल, वार्ड एवं बूथ कमेटी सहित समस्त मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### पतंजलि चिकित्सालय में स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार आज

**कोरबा।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, पतंजलि चिकित्सालय एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में इस माह में भी बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय दुकान क्रमांक 10,11 महानदी कांपलेक्स निहारिका रोड में 8 दिसंबर को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जायेगा। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चो को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ-साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को आयुनुसार आहार विहार की जानकारी देंगे।

### विनायक पब्लिक स्कूल ने मनाया चौथा वार्षिक खेल दिवस




**बांकीमोंगरा।** विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा में शनिवार को अपना चौथा वार्षिक खेल दिवस उत्साह मनाया। अतिथियों द्वारा गुब्बारा विमोचन समारोह के साथ की गई जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष दिलीप दुमने, जिला ओलम्पिक संघ के सचिव सुरेश कृष्टोपर ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सभी बच्चों ने बढ़चढ़कर खेल के इस आयोजन का आनंद लिया। फिर कार्यक्रम का समापन करने के लिए भारतीय कराटे एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अविनाश सेट्टी एवं छत्तीसगढ़ कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील चंद्रा जी उपस्थित थे। गुब्बारा विमोचन समारोह विद्यालय के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतीक था। इस कार्यक्रम में प्री-नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न मनोरंजक और प्रतिस्पर्धी गतिविधियों में भाग लिया।

### राम नाम लेखन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह

**कोरबा।** अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर की दूसरी वर्षगांठ पर पर अनेक कार्य होने हैं। जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा राम नाम लेखन महायज्ञ का कार्यक्रम हाथ में लिया गया है। जिले में 3 लाख पुस्तिका के साथ लोग तीन अरब 33 करोड़ राम-राम लेखन करेंगे। बुधवारी बाजार स्थित राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना के साथ अभियान शुरू हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में राम-राम लेखन पुस्तिका लेकर आने वाले स्वयंसेवकों का सम्मान किया गया। यहां राम नाम लेखन महायज्ञ की पुस्तिका लेकर कार्यकर्ताओं की उपस्थिति शुरू हुई है। इसे लेकर क्षेत्र में उत्साह बना हुआ है। कार्यकर्ताओं की अगवानी करती महिलाएं साबित करती है कि उन्होंने अभियान को गम्भीरता से लिया है। ग्रामीणों की भावना बताती है कि वे किस कदर खुश है। याद रहे 2 दिन पहले ही कोरबा के राम जानकी मंदिर बुधवारी में अभियान का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ किया गया।

# टीएमसी ग्रुप को वेस्टिंग ऑर्डर जारी होने के बाद कोल ब्लॉक का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर


कर्मॅशियल कोल माइनिंग के तहत नीलाम किए गए रजगामार डिपसाइड देवनारा भूमिगत खदान के लिए वेस्टिंग ऑर्डर जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही खदान के प्रारंभ होने का रास्ता साफ हो गया है। कोयला मंत्रालय द्वारा इसी साल जुलाई में रजगामार डिपसाइड देवनारा की नीलामी की गई थी। टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड ने इसे हासिल किया था। रजगामार डिपसाइड देवनारा कोल ब्लॉक जिले में स्थित है। रजगामार डिपसाइड देवनारा में 78.464 मिलियन टन कोल रिजर्व है। भूमिगत खदान का क्षेत्रफल 7.126 स्क्वायर किलोमीटर है, यहां 69 प्रतिशत वन क्षेत्र है।

कोयला मंत्रालय ने 27 मार्च, 2025 को वाणिज्यिक खनन के लिए कोयला ब्लॉक नीलामी के 12वें दौर का शुभारंभ किया था। 28 जुलाई से 31 जुलाई, 2025 तक आयोजित अग्रिम नीलामियों में कुल सात कोयला ब्लॉकों की नीलामी की गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के तीन कोल ब्लॅक सम्मिलित हैं। इन सात ब्लॉकों में लगभग 1,761.49 मिलियन टन का संयुक्त भूवैज्ञानिक भंडार है। इन ब्लॉकों की संचयी अधिकतम निर्धारित क्षमता 5.25 एमटीपीए है (आंशिक रूप से अन्वेषित कोयला ब्लॉकों को छोड़कर)। नीलामियों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई और औसतन 26.70 प्रतिशत राजस्व हिस्सेदारी हासिल हुई। राज्य के तीन कोल ब्लॉक में दो कोरबा एवं एक रायगढ़ जिले में स्थित है। जिले के रजगामार डिपसाइड देवनारा एवं रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह भूमिगत कोयला खदान के लिए 8 कंपनियों से 14 बोलियां मिली थीं। रजगामार डिपसाइड देवनारा खदान को टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड ने हासिल किया है। रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह माइंस मिवान स्टील्स लिमिटेड के हाथ लगी है। फुलकडीह के लिए अभी निहित आदेश जारी नहीं किया गया है। टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड टीएमसी ग्रुप की कंपनी है। टीएमसी ग्रुप का पंजीकृत कार्यालय छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में है। जिले में स्थित एसईसीएल की सिंघाली भूमिगत खदान में पेस्ट फिलिंग का ठेका भी टीएमसी ग्रुप के पास है। टीएमसी ग्रुप के पास 12 अंडरग्राउंड माइंस का ठेका है। इसमें 6 माइंस एसईसीएल की है। कंपनी कोयला उत्पादन के साथ की कान्ट्रेक्ट कोल माइनिंग, ओबी रिमूवल, माइन डेवलपर तथा मेटल माइनिंग के क्षेत्र में भी क्रियाशील है।

## रजगामार फूलकीडीह के लिए भी जल्द जारी होगा वेस्टिंग ऑर्डर

**खास बातें**

- ऑर्डर जारी होने के बाद खदान शुरू होने का रास्ता साफ
- डिपसाइड व फूलकीडीह कोल ब्लाक का मामला



### दोनों कोल ब्लॉक में 140.161 एमटी कोयला भंडार

रजगामार डिपसाइड देवनारा में 78.464 मिलियन टन कोल रिजर्व है। पूर्व में इस खदान को एपीआई इस्पात एंड पॉवरटेक प्राइवेट लिमिटेड तथा सीजी स्पंज मैन्यूफैक्चर्स कंसोर्टियम कोलफील्ड्स लिमिटेड को आबंटित किया गया था। इसी तरह रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह नाला में 61.697 मिलियन टन कोयला भंडार है। इस कोल ब्लॉक क्षेत्र में 89 फीसदी जंगल है। पूर्व में मोनेट इस्पात एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड एवं टॉपवर्थ स्टील प्राइवेट लिमिटेड को आबंटित किया गया था। दोनों खदानों की आबंटित कंपनियों के कोयला घोटाले में नाम आने के बाद आबंटन निरस्त कर दिया गया था।

## कुसमुंडा खदान में कार्यरत नीलकंठ नामक निजी कंपनी का मामला

# स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार की मांग को लेकर खोला मोर्चा, दर्जनों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान में कार्यरत नीलकंठ नामक निजी कंपनी में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार पर नियोजित करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने मोर्चा खोल दिया। स्थानीय बेरोजगारों ने कंपनी कार्यालय में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस की टीम ने मौके से प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेते हुए कुसमुंडा थाने भेज दिया। इस दौरान कुछ समय के लिए माहौल गरमाया रहा। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना ने पुलिस की इस कार्यवाही पर विरोध जताते हुए मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

स्थानीय बेरोजगारों को नीलकंठ कंपनी में प्राथमिकता से रोजगार देने की मांग को लेकर शनिवार की सुबह छत्तीसगढ़िया कान्ति सेना (गैर राजनीतिक संगठन) के कार्यकर्ता कंपनी के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन करने लगे, लेकिन आंदोलन शुरु होते ही पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया और बसों में भरकर कुसमुंडा थाने ले जाया गया। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के सदस्यों ने आरोप लगाया कि नीलकण्ठ कंपनी द्वारा पूर्व में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने का आश्वासन दिया गया था, परंतु कंपनी ने न तो पुलिस सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की और न ही सूचीबद्ध स्थानीय ड्राइवरों को नियुक्त किया। इसके विपरीत अन्य राज्यों से लगातार ड्राइवर बुलाकर काम पर नियोजित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय युवाओं में असंतोष व्याप्त है। शनिवार की सुबह निर्धारित कार्यक्रम के तहत संगठन के सदस्य नीलकण्ठ कंपनी का गेट जाम करने पहुंचे थे। आंदोलन को रोकने के लिए पहले से तैनात पुलिस बल ने उन्हें रोकते हुए सभी प्रदर्शन कारियों को हिरासत में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बसों में बैठाया और उन्हें कुसमुंडा थाना ले जाया गया, जहां उनसे पूछताछ की गई। संगठन ने कहा है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई अनुचित और अलोकतांत्रिक है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने के संबंध में ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो यह आंदोलन व्यापक रूप ले सकता है। इस घटना की जानकारी छत्तीसगढ़िया क्रांतिसेना ने कलेक्टर, एसडीएम, पुलिस अधीक्षक, एसईसीएल प्रबंधन और नीलकण्ठ कंपनी को भेजे गए पत्र में भी दी थी। स्थानीय युवाओं का कहना है कि अब समय आ गया है जब रोजगार को लेकर निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।

**खास बात**

- छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के नेतृत्व में कंपनी का घेराव करने पहुंचे थे बेरोजगार युवा


आंदोलनकारियों को बस में ले जाती पुलिस।


मुख्य द्वार पर आंदोलन करते हुए।

# प्रेमी ही निकला महिला का हत्यारा, गला घोटने के बाद फंदे पर लटकाया शव


पुलिस गिरफ्त में हत्यारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के एक होटल में प्रेमी और प्रेमिका रूके हुए थे। इस दौरान प्रेमिका ने प्रेमी पर शादी के लिए दबाव बनाया तो उनके बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि प्रेमी ने प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी फिर उसके शव को फंदे में लटकाकर फरार हो गया। अगले दिन जब सुबह कमरा नहीं खुला तो होटल के कर्मचारियों ने खिड़की से भीतर देखने का प्रयास किया तो उन्हें पैर दिखाई दिया, जिसके बाद कमरा खोलने पर महिला मृत अवस्था में पड़ी मिली थी।

सीतामणी स्थित चंदेला होटल में 5 दिसंबर को एक महिला की फंदे पर लटकी लाश मिली थी। 4 दिसंबर को राकेश मानिकपुरी नामक व्यक्ति के साथ वह महिला होटल में रूम लेकर रूकी हुई थी, जिन्हें 207 नंबर रूम दिया गया था। 5 दिसंबर की सुबह 11 बजे जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो होटल कर्मियों को शंका हुई और उन्होंने रूम खोलकर देखा तो उनके होश फाख्ता हो गए। रूम के भीतर महिला का शव फंदे पर लटका हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद परिजनों को बुलवाकर फोरेंसिक टीम के द्वारा परीक्षण कर शव का मर्ग इंटीमेशन लेकर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भेजा दिया गया था। मृतिका के चाचा शिवा दास 29 वर्ष पिता भीखम दास महंत साल साकिन मरकाडीह चौकी नैला थाना जांजगीर हाल मुकाम ढोढीपारा ने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि राकेश मानिकपुरी मरकाडीह का रहने वाला है। होटल के कमरा में रूके थे जिनकी किसी बात पर लड़ाई झगड़ा होने से राकेश मानिकपुरी ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दिया था, जिसके बाद राकेश खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 103 के अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान संदेही आरोपी राकेश मानिकपुरी से पूछताछ किये जाने पर उसने बताया कि 4 दिसंबर को वह संध्या महंत को लेकर चंदेला हॉटल सीतामणी आया और रूम किराया लेकर रूका था। इस दौरान महिला द्वारा शादी के लिए दबाव डालने पर नाराज होकर उसने हत्या करना कबूल कर लिया। न्यायालय ने आरोपी युवक को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

**खास बात**

- दो दिन पहले शहर के एक होटल के कमरे में महिला की मिली थी लाश

# सीएमओ व थाना प्रभारी ने शहर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते प्रशासन व पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

शहर में बढ़ते अतिक्रमण को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान का असर लगातार दिखाई दे रहा है। सोमवार को नगर प्रशासन द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई के बाद शनिवार को एक बार फिर कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना के निर्देश पर नगर पालिका व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने शहर का निरीक्षण अभियान चलाया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि कई दुकानदारों ने प्रशासन की कार्रवाई के बाद भी अपने दुकान के बाहर किए गए अतिक्रमणों को नहीं हटाया है। ऐसे व्यापारियों को टीम ने मौके पर ही सख्त निर्देश दिए कि यदि तुरंत अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम को अचानक बाजार में देख व्यापारियों और दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जिन लोगों ने अभी तक अपने दुकानों के बाहर लगे शेड या अतिक्रमण को नहीं हटाया था, वे तुरंत उसे हटाने में लग गए। वहीं सड़क पर अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों पर भी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उचित दंडात्मक कदम उठाए। नगर पालिका सीएमओ मुद्रिका प्रसाद तिवारी ने दुकानदारों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि शहर की साफ-सफाई, यातायात सुगमता और स्वच्छता को बनाए रखने के लिए यह अभियान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कटघोरा शहर को व्यवस्थित और सुंदर बनाने की दिशा में नगर पालिका परिषद का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। निरीक्षण दल में कटघोरा नगर पालिका के सीएमओ मुद्रिका प्रसाद तिवारी, थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी, पुलिस बल के जवान, नगर पालिका कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल थे।

# हैवी ब्लास्टिंग से मलगांव के ग्रामीणों को हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम मलगांव फेस में शनिवार को दोपहर 2.30 बजे हैवी ब्लास्टिंग हुई, ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि घर, मकान मानो अपनी जगह से खिसकने लगा हो। बारुद और धूल से पूरा घना आबादी क्षेत्र पट गया। ऐसी स्थिति में लोगों के जान माल को खतरा है। किंतु एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या पर संजीदा नजर नहीं आ रहा है। लिहाज़ा हरदीबाजार के प्रभावित ग्रामवासी आज भी अपनी समस्या और मांगों को लेकर शांतिपूर्वक अनिश्चितकालिन हड़ताल, पैदल मार्च तो मांगों का ज्ञापन सौंपकर जनहित व गांव हित में एसईसीएल दीपका प्रबंधन से लड़ रहे हैं। आने वाला समय ठंडी के बाद गर्मी का मौसम रहेगा तब आर गंभीर समस्या पानी की होगी तब पानी पूर्ति टैंकरों के माध्यम से कर पाना संभव नहीं होगा ऐसी स्थिति में काफी समस्या होगी।




## सात उद्योग के 27 प्रतिनिधियों की भागीदारी

# बालको में जिला स्तरीय मॉकड्रिल का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


मॉकड्रिल करते कर्मी।

बालको ने डिप्टी डायरेक्टर, इंडस्ट्रियल हेल्थ एंड सेफ्टी, कोरबा विजय सिंह पोटाई के दिशा-निर्देश में जिला स्तरीय मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया। यह मॉक ड्रिल आपातकालीन सहयोगी संस्थान की सहभागिता से आयोजित की गई, जिसमें 7 उद्योगों के 27 प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बालको के सीओओ (पावर) मंतोष सिन्हा ने डिप्टी डायरेक्टर का स्वागत किया। मॉक ड्रिल से पूर्व घटना और आपातकालीन योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बालको के प्रमुख एचएसई एंड एस, बी शिवकुमार द्वारा प्लांट सेफ्टी, रोड सेफ्टी, फायर जागरूकता एवं मॉक ड्रिल क्षेत्र से संबंधित संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई। 1200 मेगावाट पॉवर प्लांट में अग्निकांड की आपात स्थिति पर मॉक ड्रिल की गई, जिसमें एक संभावित औद्योगिक दुर्घटना का अनुकरण किया गया। इसके माध्यम से सभी सहभागियों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया की वास्तविक प्रक्रिया का अनुभव किया। जिसमें प्रतीकात्मक रूप से घायल एक व्यक्ति को बचाव राहत प्रदान की गई। मौके पर सिक्योरिटी, फायर ब्रिगेड, सेफ्टी, एंबुलेंस एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य, रेस्क्यू टीम और ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। साथ ही फायर ब्रिगेड एवं आपात संसाधनों में 2 फोम टाइप फायर टेंडर, फायर हाइड्रेंट सिस्टम, वॉटर स्प्रिंकलर (डेल्यूज सिस्टम), 2 रेस्क्यू टीमें, 2 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एवं फैक्ट्री मेडिकल अधिकारी तैनात किए गए। सुरक्षा टीम द्वारा क्षेत्र को पूरी तरह घेराबंद किया गया। डिप्टी डायरेक्टर आई एच एंड एस विजय सिंह पोटाई ने बालको द्वारा संयंत्र में सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की स्थिति में सभी कर्मचारियों को जागरूक और सतर्क रहना चाहिए। विशेष रूप से उन्होंने कंपनी की ट्रैफिक मैनेजमेंट, वाहनों में डैश कैमरा, शॉप फ्लोर पर डिजिटल ज़ेब्रा क्रॉसिंग, मजबूत सुरक्षा प्रक्रियाएँ, मॉक ड्रिल के दौरान प्रभावी हैंड साइन एज, उचित संचार प्रोटोकॉल एवं उत्कृष्ट टीम मैनेजमेंट की प्रशंसा की। मॉक ड्रिल के उपरांत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। ऑल क्लियर सिग्नल के पश्चात सभी आपात टीमों द्वारा घटना, अपनी भूमिका एवं हेडकाउंट वेरिफिकेशन पर विस्तृत डी-ब्रीफिंग की गई।

